# PRESS RELEASE

## Hindi Pakhwada-2026 Inaugurated at NEC Secretariat, Shillong

**Shillong, September 16, 2026:** Hindi Pakhwada 2026 was inaugurated at the **North Eastern Council (NEC) Secretariat, Shillong**, on September 16, marking the beginning of a fortnight dedicated to promoting the use and appreciation of Hindi in official communication and workplace activities.

The inaugural ceremony was led by **Shri Som Kamei, Planning Adviser, NEC**, who highlighted the importance of Hindi as a language of communication and emphasized the need to encourage its greater use in official work. He also underscored the role of language in strengthening communication and fostering greater appreciation and understanding among officials and staff.



The ceremony was attended by senior officers and staff members of the NEC Secretariat. The inauguration marked the commencement of a series of activities and programmes being organised during **Hindi Pakhwada 2026 from September 16 to 30, 2026**.




As part of the celebrations, a **Hindi Speech Competition** was organised at the NEC Secretariat on the following day. Staff members participated enthusiastically in the competition and expressed their thoughts and perspectives in Hindi, demonstrating their oratory skills and confidence in the language. The speech competition provided an opportunity for officials and staff to actively engage with Hindi beyond routine official communication. The activity also encouraged participants to express their ideas in Hindi and contributed to creating a positive environment for greater use and appreciation of the language in the workplace.

The Hindi Pakhwada celebrations at the NEC Secretariat are aimed at encouraging the effective use of Hindi in official communication while providing staff members with opportunities to participate in literary, linguistic and cultural activities.The celebrations reaffirm the NEC Secretariat’s commitment to promoting the use of Hindi in accordance with the objectives of the Government of India’s official language policy and to encouraging wider participation of officers and staff in activities relating to Hindi.

**Hindi Pakhwada 2026 will continue at the NEC Secretariat till September 30, with a range of activities including *Dictation Competition (Non-Hindi Speaking), Hindi General Knowledge Competition (Hindi Speaking), Hindi Essay Competition (Hindi/Non-Hindi Speaking), Hindi Noting & Drafting Competition (Hindi/Non-Hindi Speaking), Hindi Song Competition (Joint Hindi /Non Hindi Speaking Staff), Hindi Workshop*, etc. planned during the fortnight to promote Hindi and encourage its greater use in official work.**

**********************************

# प्रेस विज्ञप्ति

## एनईसी सचिवालय, शिलांग में हिंदी पखवाड़ा-2026 का शुभारंभ

**शिलांग, 16 सितंबर 2026:** उत्तर-पूर्वी परिषद (एनईसी) सचिवालय, शिलांग में 16 सितंबर को **हिंदी पखवाड़ा-2026** का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राजकीय संचार एवं कार्यस्थल संबंधी गतिविधियों में हिंदी के प्रयोग तथा हिंदी के प्रति अभिरुचि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित पखवाड़े का शुभारंभ हुआ।

उद्घाटन समारोह का नेतृत्व **श्री सोम कामेई, योजना सलाहकार, एनईसी** ने किया। उन्होंने संचार के माध्यम के रूप में हिंदी के महत्व को रेखांकित करते हुए राजकीय कार्य में इसके अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच बेहतर संचार तथा हिंदी के प्रति अधिक समझ और अभिरुचि विकसित करने में भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया।




समारोह में एनईसी सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। उद्घाटन के साथ ही **16 से 30 सितंबर 2026 तक आयोजित हिंदी पखवाड़ा-2026** के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ।




पखवाड़े के अंतर्गत अगले दिन एनईसी सचिवालय में **हिंदी भाषण प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। सचिवालय के कर्मचारियों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा हिंदी में अपने विचार एवं दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए अपने वक्तृत्व कौशल और भाषा के प्रति आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित राजकीय संचार से इतर हिंदी के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने का अवसर प्रदान किया। इस गतिविधि से प्रतिभागियों को हिंदी में अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहन मिला तथा कार्यस्थल पर हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग एवं उसके प्रति अभिरुचि को बढ़ावा देने हेतु सकारात्मक वातावरण के निर्माण में भी सहायता मिली।

एनईसी सचिवालय में आयोजित हिंदी पखवाड़ा समारोहों का उद्देश्य राजकीय संचार में हिंदी के प्रभावी प्रयोग को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ कर्मचारियों को साहित्यिक, भाषायी एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के अवसर प्रदान करना है। इन समारोहों के माध्यम से भारत सरकार की राजभाषा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा हिंदी से संबंधित गतिविधियों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के प्रति एनईसी सचिवालय की प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित किया गया है।

**एनईसी सचिवालय में हिंदी पखवाड़ा-2026 30 सितंबर तक जारी रहेगा। पखवाड़े के दौरान हिंदी को बढ़ावा देने तथा राजकीय कार्य में इसके अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें *श्रुतलेख प्रतियोगिता (गैर-हिंदी भाषी), हिंदी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (हिंदी भाषी), हिंदी निबंध प्रतियोगिता (हिंदी/गैर-हिंदी भाषी), हिंदी टिप्पणी एवं प्रारूपण प्रतियोगिता (हिंदी/गैर-हिंदी भाषी), हिंदी गीत प्रतियोगिता (संयुक्त हिंदी/गैर-हिंदी भाषी कर्मचारी), हिंदी कार्यशाला*** आदि शामिल हैं।

**************************************